I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# E.P.S.-8

## ऑस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति

## (GOVERNMENT AND POLITICS IN AUSTRALIA)

By: *Manish Kumar*, M.A. Pol. Science

***Question Bank Cum Chapterwise Reference Book***

***Including* Many Solved Question Papers**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 240/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**

*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| **Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only** | Typesetting by: **Competent Computers** | Printed at: **Novelty Printer** |


**Notes:**

1. For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.
2. This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.
3. The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.
4. Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.
5. In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.
6. If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.
7. The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.
8. Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.
9. Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.
10. Subject to Delhi Jurisdiction only.

**© Reserved with the Publishers only.**

**Spl. Note:** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## How to get Books by Post (V.P.P.)?

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*

*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***

*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*

*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## ऑस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति
## ( GOVERNMENT AND POLITICS IN AUSTRALIA )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—December, 2018 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—June, 2018 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—December, 2017 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2017 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2016 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—June, 2015 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—June, 2014 ( Solved )* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2013 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—December, 2012 ( Solved )* | 1 |
| *Question Paper—December, 2011 ( Solved )* | 1 |


| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | *Page* |
|---|---|---|

**ऑस्ट्रेलिया परिचय ( Introducing Australia )**


| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्राकृतिक विन्यास** ( Physical Settings ) | 1 |
| 2. | **संसाधनों की उपलब्धता** ( Resource Endowments ) | 8 |
| 3. | **जनसंख्या की विविधता** ( Population and Demographic Characteristics ) | 14 |


**समाज और संस्कृति ( Society and Culture )**


| | | |
|---|---|---|
| 4. | **बहुसांस्कृतिक समाज का विकास** ( Evolution of Multicultural Society ) | 20 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 5. | आदिवासी और भूमि अधिकार ( Aboriginal Population: Land Right ) | 30 |
| 6. | राष्ट्रवाद का उद्भव ( Emergence of Nationalism ) | 39 |
| | **राजनीतिक संरचना ( Political Structure )** | |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया का संविधान : विकास तथा विशेषताएँ ( Australian Constitution: Evolution and Features ) | 46 |
| 8. | राजनीतिक संस्थाएँ ( Political Institutions ) | 55 |
| 9. | संघवाद : संरचना तथा कार्यविधि ( Federalism: Structure and Working ) | 65 |
| 10. | प्रशासकीय व्यवस्था (Administrative System ) | 73 |
| | **राजनीतिक प्रक्रिया ( Political Processes )** | |
| 11. | पार्टी प्रणाली तथा चुनावी राजनीति ( Party System and Electoral Politics ) | 80 |
| 12. | राजनीतिक संस्कृति के नमूने ( Patterns of Political Culture ) | 86 |
| 13. | ऑस्ट्रेलियाई राजनीति की उभरती प्रवृत्तियाँ ( Emerging Trends in Austradian Politics ) | 92 |
| 14. | श्रमिक संघ आन्दोलन ( Trade Union Movements ) | 98 |
| | **ऑस्ट्रेलियाई अर्थव्यवस्था ( Australian Economy )** | |
| 15. | ऑस्ट्रेलियाई अर्थव्यवस्था : विकास एवं विशेषताएँ ( Australian Economy - Evolution and Features ) | 104 |
| 16. | ऑस्ट्रेलियाई अर्थव्यवस्था : अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश का स्वरूप ( Australian Economy: Patterns of International Trade and Investment ) | 109 |
| 17. | विश्व अर्थव्यवस्था में एकीकरण ( Integration into The Global Economy ) | 114 |
| | **विश्व संबंधों में ऑस्ट्रेलिया-I ( Australia in World Affairs-I )** | |
| 18. | ऑस्ट्रेलियाई विदेश नीति का विकास : निर्धारक तत्त्व तथा विशेषताएँ ( Evolution of Australian Foreign Policy-Determinants and Features ) | 120 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 19. | आस्ट्रेलिया के प्रमुख शक्तियों के साथ संबंध-I: संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सोवियत संघ/रूस (Australia and Major Powers -I: USA and USSR / Russia ) | 126 |
| 20. | आस्ट्रेलिया के प्रमुख शक्तियों के साथ संबंध-II: जापान, चीन तथा यूरोपीय संघ ( Australia and Major Powers - II : Japan, China and European Union ) | 132 |
| | **विश्व संबंधों में ऑस्ट्रेलिया-II ( Australia in World Affairs-II )** | |
| 21. | ऑस्ट्रेलिया एवं क्षेत्रीय समूह, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन, एशियाई क्षेत्रीय फोरम, दक्षिण प्रशान्त क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग के लिए हिन्द महासागरीय संगठन ( Australia and Regional Groupings ) | 138 |
| 22. | ऑस्ट्रेलिया और भारत ( Australia and India ) | 146 |
| | **समकालीन ऑस्ट्रेलिया के मुद्दे व प्रवृत्तियाँ ( Issues and Trends in Contemporary Australia )** | |
| 23. | आप्रवासन और जाति सम्बन्ध ( Immigration and Race Relations ) | 154 |
| 24. | ऑस्ट्रेलिया में शान्ति आन्दोलन तथा मानव अधिकार ( Peace Movement and Human Rights in Australia ) | 162 |
| 25. | लिंग सम्बन्धी मुद्दे ( Gender Issues ) | 169 |
| 26. | पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दे और प्रवृत्तियाँ ( Environmental Issues and Trends ) | 177 |
| 27. | शिक्षा का अन्तर्राष्ट्रीयकरण ( Internationalisation and Education ) | 182 |

❑❑

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER
## (June – 2019)

*(Solved)*

## ऑस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *(i) खण्ड I सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (ii) खण्ड II सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (iii) खण्ड III सभी संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।*

### भाग I

*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. ऑस्ट्रेलिया के संविधान की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-7, पृष्ठ 48, 'संविधान की प्रमुख विशेषताएं'

**प्रश्न 2. 1970 के दशक से ऑस्ट्रेलिया की विदेश नीति के पुनर्विन्यास का आकलन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-18, पृष्ठ 120, 'स्वतंत्र विदेश नीति की ओर अग्रसर', पृष्ठ 121, '1990 के दशक में विदेश नीति'

**प्रश्न 3. आदिवासी (Aboriginal) आबादी के सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पर उपनिवेशीकरण के प्रभाव का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ 31, 'औपनिवेशिक शासन के विकास का प्रभाव'

**प्रश्न 4. ऑस्ट्रेलिया में संघवाद के कार्यचालन पर एक निबंध लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-9, पृष्ठ 67, 'ऑस्ट्रेलिया में संघवाद की कार्यप्रणाली'

### भाग II

*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 5. ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासियों पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ 24, 'भारतीय आप्रावासी'

**प्रश्न 6. ऑस्ट्रेलिया में मुख्य दलों की विचारधाराओं और नीतियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-11, पृष्ठ 81, 'सिद्धांत नीतियां एवं व्यवहार'

**प्रश्न 7. ऑस्ट्रेलिया में सांस्कृतिक एकीकरण की प्रक्रिया को समझाइए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ 157, 'ऑस्ट्रेलिया में बहुसंस्कृतिवाद'

**प्रश्न 8. ऑस्ट्रेलिया-चीन के संबंध के स्वरूप का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-20, पृष्ठ 133, 'ऑस्ट्रेलिया-चीन'

**प्रश्न 9. ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-15, पृष्ठ 105, 'सेवा उद्योग'

**प्रश्न 10. श्वेत ऑस्ट्रेलिया नीति क्या है? इस नीति के पतन के कारक क्या हैं?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ 155, 'श्वेत ऑस्ट्रेलिया: विकास के चरण', 'विभेद और बहिष्करण की नीति', पृष्ठ 156, 'श्वेत आस्ट्रेलिया नीति का अन्त और बहुसंस्कृतिवाद की ओर कदम'

**प्रश्न 11. परमाणु मुद्दों पर ऑस्ट्रेलिया की क्या स्थिति (position) है?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-24, पृष्ठ 168, प्रश्न 3

**प्रश्न 12. ऑस्ट्रेलिया में हरित आंदोलन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-26, पृष्ठ 179, 'हरित आन्दोलन', पृष्ठ 180, प्रश्न 8

### भाग III

**प्रश्न 13. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।**

**(क) ऑस्ट्रेलिया में श्रमिक संघ आंदोलन**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-14, पृष्ठ 100, प्रश्न 1

**(ख) भूमि अधिकार आंदोलन**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ 33, 'भूमि अधिकार आंदोलन के मुद्दे'

**(ग) ऑस्ट्रेलिया में मानवाधिकार आंदोलन**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-24, पृष्ठ 164, 'ऑस्ट्रेलिया का संविधान तथा मानव अधिकार', 'मूल निवासी तथा मानव अधिकार'

**(घ) बहुसंस्कृतिवाद**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ 26, प्रश्न 9 और 10

■■

# QUESTION PAPER
## (December – 2018)

*(Solved)*

## ऑस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*नोट : (i) खण्ड I किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*(ii) खण्ड II किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*(iii) खण्ड III किन्हीं दो भागों पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए*

### भाग I

*निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 1. आदिवासी (aboriginal) जनसंख्या के सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पर उपनिवेशीकरण के प्रभाव का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ-31, 'औपनिवेशिक शासन के विकास का प्रभाव'

**प्रश्न 2. ऑस्ट्रेलिया के संविधान के विशिष्ट लक्षणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-7, पृष्ठ-48, 'संविधान की मुख्य विशेषताएं'

**प्रश्न 3. ऑस्ट्रेलिया में संघवाद की बदलती हुई प्रकृति और लक्षणों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-9, पृष्ठ-67, 'ऑस्ट्रेलिया में संघवाद की कार्य प्रणाली', (अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न) प्रश्न 2

**प्रश्न 4. श्वेत ऑस्ट्रेलिया (White Australia) नीति के अर्थ, क्रमविकास और पतन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ-155, 'श्वेत ऑस्ट्रेलिया: विकास के चरण', 'विभेद और बहिष्करण की नीति', पृष्ठ-156, 'श्वेत ऑस्ट्रेलिया नीति का अन्त और बहुसंस्कृतिवाद की ओर कदम'

### भाग II

*निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**प्रश्न 5. ऑस्ट्रेलिया में सांस्कृतिक एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ-157, 'ऑस्ट्रेलिया में बहुसंस्कृतिवाद'

**प्रश्न 6. ऑस्ट्रेलिया के कृषि क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण लक्षणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-15, पृष्ठ-104, 'कृषि'

**प्रश्न 7. ऑस्ट्रेलिया की विदेश नीति के प्रमुख निर्धारक क्या हैं?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-18, पृष्ठ-121, 'ऑस्ट्रेलिया की विदेश नीति के निर्धारक तत्त्व'

**प्रश्न 8. शीत युद्ध पश्चात् वर्षों में ऑस्ट्रेलिया-यू.एस. सम्बन्धों की प्रकृति का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-19, पृष्ठ-129, प्रश्न 5, पृष्ठ-127, 'उत्तरशीत युद्ध काल', 'अर्थव्यवस्था'

**प्रश्न 9. बहुसंस्कृतिवाद क्या है? ऑस्ट्रेलिया में इसको कैसे क्रियान्वित किया गया?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ-23, 'बहुसंस्कृतिवाद और इसका ऑस्ट्रेलियाई स्वरूप', 'बहुसंस्कृतिवाद की नीति के विकास के दो चरण'

**प्रश्न 10. भूमि अधिकार आंदोलन की तेजी से योगदान देने वाले कारकों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-5, पृष्ठ-33, 'भूमि अधिकार आंदोलन के मुद्दे'

**प्रश्न 11. परमाणु मुद्दों पर ऑस्ट्रेलिया के रुख को बनाने में शांति आंदोलनों की भूमिका की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-24, पृष्ठ-162, 'शान्ति आन्दोलन का आरंभ', 'ऑस्ट्रेलिया और परमाणु निरस्त्रीकरण'

**प्रश्न 12. जलवायु परिवर्तन (climate change) पर ऑस्ट्रेलिया का क्या रुख है।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-26, पृष्ठ-178, 'ऑस्ट्रेलिया और अन्टार्कटिका', 'ऑस्ट्रेलिया और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन'

### भाग III

**प्रश्न 13. निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखें।**

**(क) एपेक (APEC) के उद्देश्य**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-21, पृष्ठ-144, प्रश्न 8

**(ख) ऑस्ट्रेलियन-आसियान (ASEAN) संबंध**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-21, पृष्ठ-139, 'ऑस्ट्रेलिया एवं आसियान'

**(ग) शिक्षा का निगमीकरण (Corporatisation)**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-27, पृष्ठ-186, प्रश्न 7, पृष्ठ-187, प्रश्न 8

**(घ) ऑस्ट्रेलियन लेबर पार्टी**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-11, पृष्ठ-85, प्रश्न 2

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# ऑस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति
# ( GOVERNMENT AND POLITICS IN AUSTRALIA )

## ऑस्ट्रेलिया परिचय ( Introducing Australia )

## प्राकृतिक विन्यास
## ( Physical Settings )

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

ऑस्ट्रेलिया एक ऐसा देश है जो पूरे महाद्वीप में फैला हुआ है। आकार में ऑस्ट्रेलिया विश्व का छठा बड़ा देश है। ऑस्ट्रेलिया के मध्य भाग से मकर रेखा गुजरती है। ऑस्ट्रेलिया के पास एक लम्बा समुद्र तट है। ऑस्ट्रेलिया की गणना संसार के सबसे प्राचीन भूमिखण्डों में होती है। ऑस्ट्रेलिया एक सूखा महाद्वीप है, जिसके कारण यहां की अधिकांश भूमि बंजर एवं अर्धमरुस्थलीय है। ऑस्ट्रेलिया की औसत ऊँचाई काफी कम है। इसकी संरचनात्मक विशेषता इसका पश्चिमी पठार है, जिसमें पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया तथा क्वींसलैण्ड का एक बड़ा भाग शामिल है। ऑस्ट्रेलिया में कुछ पर्वतमालाएँ काफी पुरानी हैं। इसकी लगभग 30 प्रतिशत भूमि उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आती है। इसे राजनीतिक रूप से छः राज्यों तथा दो स्वायत्त प्रदेशों में विभाजित किया जाता है। ये हैं न्यू साउथ वैल्स, क्वींसलैण्ड, विक्टोरिया, दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया तथा तस्मानिया। स्वायत्त प्रदेश हैं उत्तरी प्रदेश तथा राजधानी कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया को समझने के लिए उसके प्राकृतिक विन्यास को जानना आवश्यक है। प्रस्तुत अध्याय ऑस्ट्रेलिया के प्राकृतिक विन्यास के बारे में जानकारी देता है। भौगोलिक इतिहास, प्राकृतिक भूगोल, भूमि रचना, जलवायु, जल प्रवाह व्यवस्था, नदियाँ तथा झीलें तथा मिट्टियां जैसे पहलुओं को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त अधिवासीय प्रतिदर्श तथा ऐतिहासिक विकास पर भी इस अध्याय में प्रकाश डाला गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### भौगोलिक इतिहास

ऑस्ट्रेलिया के बारे में जानकारी कुछ ही शताब्दियों पूर्व हुई। ऑस्ट्रेलिया का भू-भाग एशिया, यूरोप तथा अफ्रीकी भू-भाग से मिलता-जुलता है। ऑस्ट्रेलिया के तीन संरचनात्मक भाग हैं पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई कवच, पूर्वी पर्वत श्रृंखला तथा केन्द्रीय मैदानी भाग। आकार और रूपरेखा में ऑस्ट्रेलिया की तुलना शुक्ल पक्ष के दशमी के चन्द्रमा से की जाती है। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी-पूर्वी भाग में पुरानी चट्टानें पायी जाती हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी एवं पश्चिमी तट की चट्टानें 2 अरब वर्ष पुरानी हैं। पुरानी चट्टानें किम्बरले खण्ड तथा केथरीन-डार्विन क्षेत्र में भी पाई जाती हैं। केन्द्रीय ऑस्ट्रेलिया की आयु लगभग 2 अरब 250 करोड़ वर्ष है।

#### प्राकृतिक भूगोल

ऑस्ट्रेलिया की भूमि सपाट तथा सूखी है। अधिकांश भूमि बंजर है। वर्षा केवल 20 इंच से अधिक होती है। तस्मानिया तथा पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में नदियों की अधिकता है। मिट्टी पर जलवायु का प्रभाव है।

**भूमि रचना** ऑस्ट्रेलिया सबसे सूखा तथा निचला महाद्वीप है। इसकी भू-संरचना बहुत प्राचीन है। इसको तीन भागों में विभाजित किया जाता है पश्चिमी पठार, केन्द्रीय तराई क्षेत्र तथा पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र। ऑस्ट्रेलिया का पश्चिमी भाग एक विशाल पठार है, जिसमें बहुत पुरानी चट्टानें विद्यमान हैं। कई क्षेत्रों के अपने-अपने पठार हैं; जैसे किम्बरले, आर्नहेमलैण्ड तथा यिलगार्न। नुलाबोर का मैदान समुद्री सतह से उभरा हुआ प्रदेश है। पठार का अधिकांश भाग मरुस्थलीय है। केन्द्रीय तराई क्षेत्र कार्पेन्टेरिया की खाड़ी से शुरू होकर मरे-डार्लिंग मैदानों तक विस्तृत है। आर्टीशियन मोहाना तलछटी चट्टानों से भरा पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया का केन्द्रीय भाग मैदानी है, जिसमें मैक्डोनेल्स तथा मसग्रेव जैसी पर्वतमालाओं की उपस्थिति है। उलूरू तथा आयर्स जैसे पर्वतीय क्षेत्र भी यहाँ विद्यमान हैं। केन्द्रीय तराई क्षेत्र के दक्षिणी भाग में काफी बदलाव हुए हैं जिनके कारण माउंट लॉफ्टी तथा फ्लिंडर्स पर्वतमाला तथा

एडेलेड पर्वत को वर्तमान रूप मिला है। कुछ क्षेत्र तराई क्षेत्रों के रूप में उभरे हैं। इसकी ऊंचाई 150 मीटर है। तराई का अधिकांश भाग सूखा है, जिसका कारण वर्षा की कमी है। तराई क्षेत्र की नदियाँ अन्तर्देशीय झीलों में गिरती हैं। पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र की पहाड़ियाँ पठारों की ओर अग्रसर होती हैं। सबसे ऊँची चोटी माउंट कोस्युजको भी पठार का ही भाग है। यह उत्तर में केप यॉर्क प्रायद्वीप से लेकर दक्षिण में तस्मानिया तक फैली है। इसमें उतार-चढ़ाव भी हैं। कुछ पठार घिसाव के कारण पहाड़ियों के रूप में बदल गए हैं, जिन्होंने कगार का रूप ले लिया है। ये कगार क्वीन्सलैण्ड से लेकर विक्टोरिया तक पाये जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के ऊँचे झरने वहाँ पाये जाते हैं जहाँ नदियाँ कगार से निकलती हैं। इनमें वोलाम्बी, वालामैन, बैरन तथा वेन्टवर्थ झरने प्रमुख हैं। पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र में झीलें तथा हवाई पट्टियाँ भी मिलती हैं। ऑस्ट्रेलिया की अधिकांश नदियाँ इसी क्षेत्र से निकलती हैं। ऑस्ट्रेलिया का भूगोल उस इतिहास का परिणाम है जो कई करोड़ वर्ष पहले आरम्भ हुआ। उस समय ऑस्ट्रेलिया एक हिम महाद्वीप था। भूमि सपाट और नीची होने के कारण सागर का जल जल्दी भर जाता था जिससे महाद्वीप तीन भागों में विभाजित हो जाता था।

कालान्तर में ऑस्ट्रेलिया में अनेक तलछटी मुहाने अस्तित्व में आये। ये थे- मरे, यूक्ता, आयर झील इत्यादि। वर्तमान में ये कोयले और तेल के स्रोत हैं। टरशियरी काल में ऑस्ट्रेलिया में कई ज्वालामुखी अस्तित्व में आए। विक्टोरिया तथा क्वींसलैण्ड में ज्वालामुखी प्रक्रिया कुछ हजार वर्ष पहले तक जारी थी। लगभग 6000 वर्ष पुराने गैम्बियर पहाड़ पर स्थित ज्वालामुखी ऑस्ट्रेलिया का सबसे आधुनिक ज्वालामुखी है। अतीत में ऑस्ट्रेलिया की जलवायु में कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। इसकी जलवायु गर्म एवं खुश्क थी। ऑस्ट्रेलिया का उत्तरी भाग कभी भी बंजर नहीं था। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया का काफी बड़ा भाग बंजर है। रेत के टीले प्राय: पवन की दिशा से सम्बद्ध होते हैं जिसके कारण पवन के प्रवाह होने की दिशा बदलती रहती है। पथरीले मरुस्थल में बालू नहीं पाई जाती। निचले क्षेत्रों में नमकीन झीलें पाई जाती हैं। बालू के टीले तथा नमकीन झीलें लगभग दस लाख वर्ष पुरानी हैं।

ऑस्ट्रेलिया का आकार पृथ्वी की हलचल से भी प्रभावित हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की अनेक नदियाँ देश के अन्दर ही सूख जाती हैं। नदियाँ प्राय: नमकीन झीलों के रूप में परिवर्तित हो जाती हैं। इन झीलों ने सागरतट के निकटवर्ती क्षेत्र को पठारों, पहाड़ियों तथा घाटियों में विभाजित कर दिया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में यिलगार्न पठार की नमकीन झीलें बहुत पुरानी हैं। हिमयुग के दौरान सागर की सतह काफी नीची थी। नदियों का बहाव सागर की दिशा में था। सागर की सतह ऊँची होने पर निचली घाटियाँ सागर के अन्दर समा गई, जिसके कारण सिडनी जैसे बन्दरगाह स्थापित हुए। विक्टोरिया तथा दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया स्थित कुरूंग में तलछट के एकत्र होने से सागर किनारे का निर्माण हुआ है। पूर्वी भाग में कहीं पर चट्टानी क्षेत्र है तो कहीं पर दूर तक फैला समुद्री किनारा। भूतल की रूपरेखा से स्पष्ट संकेत मिलता है कि एक समय ऑस्ट्रेलिया एक बड़े महाद्वीप का भाग था। कुछ स्थानों पर सागर का आर्थिक सुविधा क्षेत्र चौड़ा है, तो कहीं संकरा। क्वींसलैण्ड तट के पीछे एक चौड़ा पठार है जिसे विशाल उभरी चट्टान के रूप में जाना जाता है। ऑस्ट्रेलिया में भूमि का वर्तमान स्वरूप एक दीर्घकालीन प्रक्रिया का परिणाम है।

**जलवायु** ऑस्ट्रेलिया में विविध जलवायु प्रदेश हैं। यहां उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र भी हैं और बंजर अथवा अर्ध-मरुस्थल भी। ऑस्ट्रेलिया दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है इसलिए जब भारत में ग्रीष्मकाल होता है तब ऑस्ट्रेलिया में शीतकाल होता है। ऑस्ट्रेलिया 'शुष्क महाद्वीप' कहलाता है। अत: यहाँ बंजर भूमि की अधिकता तथा वर्षा की न्यूनता पाई जाती है। मौसम में उतार-चढ़ाव काफी अधिक होता है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप सागर के पानी से घिरा है। सागर से चलने वाली हवाएँ उत्तरी-पूर्वी तथा दक्षिणी-पश्चिमी भागों में वर्षा करती हैं। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के रूप में स्थित है जिसके कारण यहाँ अन्य महाद्वीपों की अपेक्षा कुछ अन्तर विद्यमान हैं। ऑस्ट्रेलिया में बाढ़, तूफान, सूखा जैसी स्थितियाँ चरम रूप धारण कर लेती हैं। ऑस्ट्रेलिया में वर्षा कम होती है। गर्मियों में तापमान 29 से 17 डिग्री के बीच रहता है। ग्रीष्म ऋतु दिसम्बर से फरवरी तक तथा शीत ऋतु जून से अगस्त तक रहती है। सबसे अधिक गर्मी जनवरी मास में पड़ती है। ऑस्ट्रेलिया की भूमि जलवायु से कम ही प्रभावित होती है। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में भी भूमि कम उपजाऊ है। मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए अनेक अनुसंधान किए जा रहे हैं। अर्ध-नम क्षेत्रों में उपजाऊ मिट्टी अधिक पायी जाती है जिनमें लाल, काली तथा बादामी प्रमुख हैं, जो गेहूं की कृषि के लिए उत्तम हैं। ऑस्ट्रेलिया का 70% भाग बंजर है। महाद्वीप के मध्य में वर्षा 150 मिलीमीटर से कम तथा उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र तथा तस्मानिया में यह 2 मीटर से अधिक होती है। ऑस्ट्रेलिया मौसम को नियंत्रित करने वाले वायुमण्डलीय व्यवस्था के मार्ग में कम बाधक है।

ऑस्ट्रेलिया में शीत ऋतु में अधिक दबाव व्यवस्था पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। यह घड़ी की सुइयों के विपरीत दिशा में चलती है। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया हल्की एवं शुष्क हवाओं से तथा दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया ठण्डी एवं नम हवाओं से प्रभावित होता है। दक्षिणी महासागर की ओर चलने वाली हवा दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में वर्षा की संकेतक होती है। पूर्वी क्षेत्रों में उत्तर-पश्चिमी बादल वर्षा करते हैं। जब महासागर से ठण्डी हवाएँ उत्तर दिशा की ओर चलती हैं तो ऑस्ट्रेलिया में ठण्ड शुरू हो जाती है। ग्रीष्म ऋतु में विपरीत चक्रवात पश्चिम से पूर्व की ओर चलते हैं जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया में गर्मी बढ़ जाती है। गर्मी तब और बढ़ जाती है जब विपरीत चक्रवात में बाधा उत्पन्न हो जाती है। उत्तरी मानसूनी हवाएँ ऑस्ट्रेलिया में कुछ समय के लिए वर्षा करती हैं। ऑस्ट्रेलिया में उष्ण-कटिबन्धीय चक्रवात काफी शक्तिशाली तथा कम दबाव वाले होते हैं। इन चक्रवातों के साथ आने वाली हवा बहुत तेज चलती है। 1996 में हवा की गति 267 कि.मी. प्रति घण्टा दर्ज की गई थी। ये चक्रवात उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निकट सागर में उत्पन्न

www.neerajbooks.com



होते हैं। नवम्बर और अप्रैल की अवधि में ऐसा अधिक होता है। इनकी प्रवृत्ति मौसम के अनुसार बदलती रहती है। क्वींसलैण्ड के तट पर प्रतिवर्ष चक्रवाती तूफान आते हैं। तटीय प्रदेशों में चक्रवाती तूफानों से तेज वर्षा होती है तथा तेज हवाएँ चलती हैं। पूर्वी तथा उत्तरी ऑस्ट्रेलिया की जलवायु को दक्षिणी झूलन प्रभावित करता है। यह मौसम में परिवर्तन का महत्त्वपूर्ण कारण है। इसके कारण उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में सूखा पड़ता है। परन्तु इसके कारण पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में वर्षा औसत से कहीं अधिक भी होती है। दक्षिणी झूलन प्रशांत महासागर की सतह के तापमान से सम्बद्ध होता है। जिस वर्ष सूखा पड़ता है उसे एल नीनो वर्ष तथा जिस वर्ष अत्यधिक वर्षा होती है उसे ला नीना वर्ष कहते हैं। एल निनो तथा ला नीना का सम्बन्ध वायुमण्डलीय परिभ्रमण, सागर सतह के तापमान तथा भूमि के साथ है।

**नाली व्यवस्था/जल प्रवाह व्यवस्था** देश में स्थायी जल-आपूर्ति संसाधन काफी कम हैं। जल की आपूर्ति नाली व्यवस्था के द्वारा होती है। मुरे (Murrary) नदी जल का सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत है। इसका उद्‌गम स्रोत दस लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की अधिकांश सिंचित भूमि इसी क्षेत्र में है। उपयोग होने वाला 60% जल इसी से मिलता है। भूमिगत जल की गुणवत्ता विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न है। ऑस्ट्रेलिया की अधिकांश जनता घरेलू उपयोग के लिए भूमिगत जल पर निर्भर है। सबसे बड़ा जल संसाधन स्रोत विशाल आर्टीशियन मुहाना है जो क्वीन्सलैण्ड तथा न्यू साउथ वेल्स में स्थित है।

**नदियाँ तथा झीलें** ऑस्ट्रेलिया की नदियाँ दो भागों में विभाजित हैं। एक वे जिनकी निकास दर मध्यम है तथा दूसरी वे जिनकी निकास दर कम है। बर्डकीन तथा फिटजराय क्वीन्सलैण्ड की सबसे बड़ी नदियाँ हैं। हंटर नदी न्यू साउथ वेल्स की सबसे लम्बी नदी है। ऑस्ट्रेलिया की सबसे लम्बी नदी मरे डार्लिंग है। यह अलेक्जेन्डेरिया झील में जाकर गिरती है। इसकी लम्बाई 2520 किमी. है। मर्चीसन, गैसकोयन, ऐश्बर्टन, फोर्ट्सक्यू, डे ग्रे, फिट्जराय, ड्रूईस्डेल तथा ऑर्ड नदियाँ आस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित हैं। विक्टोरिया, डैली, ग्रेगोदी, लीछार्डट, क्लोन्करी, जिल्बर्ट तथा मिचेल नदियाँ उत्तरी प्रदेश में बहती हैं। तस्मानिया में छोटी तथा तेज बहने वाली नदियाँ हैं। आस्ट्रेलिया में कई प्रकार की झीलें हैं। जिनमें से अधिकांश नदी के पानी की उपज हैं। सबसे बड़ी झीलें हैं आयर झील (9500 वर्ग कि.मी.), टोरेंस (5900 वर्ग किमी.) तथा गोर्डनर (4300 वर्ग कि.मी.)। दूसरी प्रकार की झीलें बर्फीली हैं जो तस्मानिया में पाई जाती हैं। ज्वालामुखी झीलें विक्टोरिया तथा क्वीन्सलैण्ड में पाई जाती हैं। केनबरा के निकट जॉर्ज झील के अतिरिक्त कुछ तटीय झीलें भी हैं।

**मिट्‌टियाँ** मिट्‌टी जलवायु तथा स्थानीय परिस्थितियों से प्रभावित होती है। ऑस्ट्रेलिया का बंजर प्रदेश खनिज पदार्थों से भरपूर है। खड़िया मिट्‌टी मरुस्थलीय क्षेत्रों में अधिक मिलती है। अर्द्ध बंजर प्रदेशों की मिट्‌टी क्षारीय होती है। ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख मिट्‌टियाँ हैं क्षारीय मिट्‌टी तथा खड़िया मिट्‌टी। मिट्‌टी का रंग भूरा तथा बादामी होता है। जहां वर्षा 25 इंच से अधिक होती है वहाँ काली, बादामी तथा लाल मिट्‌टी पाई जाती है। अनेक प्रदेशों में मिट्‌टी को स्थानीय भूगोल, भूमिगत जलस्तर तथा मिट्‌टी के मूल पदार्थ भी प्रभावित करते हैं।

## अधिवासीय प्रतिदर्श

ऑस्ट्रेलिया के भूगोल तथा जलवायु ने अधिवासियों की बसावट को हतोत्साहित किया है। अधिवासियों को ऑस्ट्रेलिया को एक आधुनिक रूप देने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी, जिसके कारण ऑस्ट्रेलियावासी मजबूत और स्वतंत्र प्रकृति के रूप में उभरे तथा इसी प्रकृति ने ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रवाद को जन्म दिया। प्रौद्योगिकी की उन्नति तथा संचार व्यवस्था ने अधिवास को आसान बनाया है। ऑस्ट्रेलिया में जनसंख्या घनत्व बहुत विरल है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार अलग-थलग रहते हैं। वे अपने पड़ोसियों से दूरभाष के द्वारा संपर्क में रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी मुख्यत: कृषक एवं चरवाहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या घनत्व काफी कम है। ऑस्ट्रेलिया की अधिकांश जनसंख्या सिडनी, मेलबॉर्न, ब्रिस्बेन, एडिलेड, पर्थ, होबर्ट तथा राजधानी केनबरा में निवास करती है। विश्व में शहरी जनसंख्या का अनुपात सबसे अधिक ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यूरोपियों के आगमन से पशु-जीवन नष्ट होने लगा परन्तु मूल निवासियों ने पारिस्थितिकीय सन्तुलन बनाए रखा था। ऑस्ट्रेलिया में यूरोपीयों द्वारा पारिस्थितिकी को नुकसान पहुँचाने के कारण पारिस्थितिकीय समस्यायें उत्पन्न होने लगीं। पशु-पक्षियों की नस्लें नष्ट हो गई हैं तथा निरन्तर घटती जा रही हैं।

## ऐतिहासिक विकास

यूरोपीयों द्वारा ऑस्ट्रेलिया की खोज 1606 ई. में प्रारंभ हुई। स्पेन के नाविक लुईवेज ने जलडमरूमध्य के मार्ग द्वारा ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश किया था। बाद में डच यात्री भी नए महाद्वीप की खोज में निकले। कार्पेंटेरिया जलडमरूमध्य में प्रवेश करने वाला विलियम जेनसन प्रथम डच यात्री था। कुछ अन्य डच नाविक भी ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तथा पश्चिमी तटों तक पहुँचे जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण था डरेक हार्टोग। अबेल तस्मान ने केप यार्क से ऐश्बर्टन तक के तट की खोज की। डचों ने ऑस्ट्रेलिया का नाम न्यू हालैण्ड रखा। 1688 में अंग्रेज यात्री विलियम डैम्पियर किंग साउंड नामक स्थान के निकट उतरा। 1770 में जेम्स कुक सिडनी बन्दरगाह के निकट उतरा। वास्तव में जेम्स कुक को ही ऑस्ट्रेलिया का खोजकर्ता माना जाता है। पोर्ट जेक्सन में प्रथम उपनिवेशीय बस्ती बसाई गई। उसके बाद 1803 में तस्मानिया के होबर्ट में बस्तियों की स्थापना की गयी। होबर्ट वर्तमान में तस्मानिया की राजधानी है। 1824 में ब्रिस्बेन नदी के तट पर बस्ती बसाई गयी। 1835 में मेलबॉर्न की स्थापना की गयी। 1836 में एडिलेड की स्थापना हुई। 1802-03 में फ्लिंडर्स ने ऑस्ट्रेलिया के चारों ओर चक्कर लगाया। 1813 में ग्रेगरी ब्लेक्स लैण्ड, वेन्टवर्थ तथा लॉसन ने नीले पर्वतों में एक मार्ग खोजा। चार्ल्स स्टर्ट ने लाछलान नदी की खोज की।

ऑस्ट्रेलिया के औपनिवेशिक जीवन में भेड़ों का विकास महत्त्वपूर्ण था। जॉन मैआर्थ ने यहाँ उच्च कोटि की ऊनवाली भेड़ों

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



का प्रजनन आरंभ किया। यह दक्षिण अफ्रीका एवं इंग्लैण्ड से उच्च नस्ल की भेड़ें लाया। इससे आर्थिक विकास की नींव पड़ी। ऊन उद्योग तीव्र गति से विकसित हुआ। भेड़ों की संख्या 1850 तक 4 लाख से अधिक हो गयी। ब्रिटेन से आजीवन कारावास पाने वाले अपराधियों को ऑस्ट्रेलिया भेजा जाता था। यह प्रक्रिया 1840 में समाप्त हो गई। तस्मानिया एवं पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में अपराधी 1853-1868 तक लाये जाते रहे। यूरोपीय लोग ऑस्ट्रेलिया में 1788 से बसना आरंभ हुए। उस समय से ऑस्ट्रेलिया का निरन्तर विकास होता रहा। ब्रिटिश सरकार अपने कारावासों की भीड़ को कम करना चाहती थी जिसके कारण उसे ऑस्ट्रेलिया में उपनिवेश स्थापित करना पड़ा। इसके अतिरिक्त राजनीतिक महत्व भी एक कारण था। ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया का उपयोग आर्थिक सुविधाओं के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी कर सकता था। इसलिए ब्रिटिश गृहमन्त्री लॉर्ड सिडनी ने ऑस्ट्रेलिया को उपनिवेश बनाने की अनुमति दी।

13 मई, 1787 को दंडित अपराधियों को लेकर आर्थर फिलिप 18 जनवरी, 1788 को ऑस्ट्रेलिया पहुँचा। वहाँ पोर्ट जैक्सन नामक स्थान पर अपनी बस्ती बसाई। कैदियों की संख्या 732 थी। वर्तमान में इसे सिडनी शहर के रूप में जाना जाता है। इस प्रथम आगमन की स्मृति में 26 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया दिवस मनाया जाता है। ब्रिटेन की ऑस्ट्रेलियाई बस्तियाँ काफी दूर थीं जिसके कारण ब्रिटेन से यहाँ का शासन चलाना बहुत मुश्किल था। अत: स्वशासन के बारे में विचार किया गया। 1823 को ब्रिटेन ने न्यू साउथ वेल्स को संवैधानिक चार्टर प्रदान किया। इसमें परिषद् स्थापित करने का भी प्रावधान था। 1842 में तस्मानिया में भी परिषद् स्थापित की गयी। 1842 में ब्रिटेन ने न्यू साउथ वेल्स की विधान परिषदों की शक्तियों में वृद्धि की।

1850 में विभिन्न उपनिवेशों को उपनिवेश सरकार अधिनियम के द्वारा मताधिकार, विधानमण्डल स्थापित करने तथा संविधान निर्माण का अधिकार मिला। इसी के अनुसार 1851 में विक्टोरिया विधानमण्डल की स्थापना हुई। सर्वप्रथम न्यू साउथ वेल्स ने 1855 में अपना संविधान निर्मित किया। 1859 तक सभी उपनिवेशों ने स्वशासी संस्थाओं की स्थापना कर ली। 1891 में सम्पूर्ण ऑस्ट्रेलिया के लिए संविधान का मसौदा तैयार किया गया जिसे पारित करने के लिए ब्रिटिश संसद भेजा गया। ब्रिटिश संसद ने इसे स्वीकार कर लिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सभी उपनिवेशों में जनमत संग्रह कराया गया। जनता ने भी इस संविधान को मान्यता दे दी। 1 जनवरी 1901 को ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमण्डल की स्थापना हुई।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. ऑस्ट्रेलिया के भौगोलिक इतिहास का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**-ऑस्ट्रेलिया विश्व का एक महत्त्वपूर्ण महाद्वीप है। ऑस्ट्रेलिया के अस्तित्व के बारे में जानकारी कुछ ही शताब्दियों पूर्व हुई है। ऑस्ट्रेलियाई भू-भाग के बारे में एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इसकी प्रकृति एशिया एवं अफ्रीकी भू-भाग से काफी मिलती-जुलती है। ऑस्ट्रेलिया को तीन प्रकार के संरचनाओं के अन्तर्गत बाँटा जा सकता है, जिनमें पहला है पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई कवच जो स्थायी एवं काफी मजबूत है। दूसरी संरचना के अंतर्गत पूर्वी पर्वत शृंखला है, जिसमें भूमि कटाव काफी अधिक हुआ है। तीसरी संरचना केन्द्रीय मैदानी भाग है। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी-पूर्वी भाग को पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई कवच का अंग माना जाता है। इस क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की सबसे पुरानी चट्टानें पायी जाती हैं, जिनकी अवधि लगभग तीन अरब वर्ष मानी जाती है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की इन चट्टानों के बारे में यह महत्त्वपूर्ण है कि ये चट्टानें जिस रूप में आज हैं, पहले ऐसी नहीं थी। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी एवं पश्चिमी तटों पर भी कुछ चट्टानें पायी जाती हैं, जो महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ काफी पुरानी भी हैं। ये चट्टानें लगभग ढाई अरब वर्ष पुरानी हैं। किम्बरले खण्ड तथा केथरीन डार्विन क्षेत्र, जो उत्तरी प्रदेश में है, ऑस्ट्रेलिया के उन क्षेत्रों में शामिल हैं, जहाँ पुरानी चट्टानों की उपस्थिति है। ऑस्ट्रेलिया में बहुत-सी चट्टाने ऐसी हैं, जिनकी आयु का अनुमान अभी लगाना बाकी है। केन्द्रीय ऑस्ट्रेलिया की जो आयु अनुमानत: बतायी गयी है, वह है- 2 अरब 250 करोड़ वर्ष।

**प्रश्न 2. ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी को जलवायु किस प्रकार प्रभावित करती है?**

**उत्तर**-ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी को जलवायु महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है जिसके कारण विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार की मिट्टियों का निर्माण हुआ है। मिट्टी आमतौर पर जलवायु से तो प्रभावित होती ही है, बल्कि स्थानीय परिस्थितियाँ भी मिट्टी को प्रभावित करती हैं। ऑस्ट्रेलिया का अधिकांश बंजर प्रदेश खनिज पदार्थों की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। इसके अतिरिक्त बंजर प्रदेश में ठठरी मिट्टी भी पायी जाती है। ऑस्ट्रेलिया के मरुस्थलीय क्षेत्रों में खड़िया मिट्टी की बहुलता है जो प्रदेश पूरी तरह बंजर नहीं हुए हैं, वहाँ पर भी क्षारीय मिट्टी की अधिकता पायी जाती है। ऑस्ट्रेलिया में जो दो प्रकार की मिट्टी बहुतायत से मिलती है, वह है- खड़िया मिट्टी तथा चूना मिट्टी। चूँकि देश का अधिकांश भाग अर्ध-मरुस्थलीय है इसलिए खड़िया मिट्टी अधिकांश क्षेत्रों में पायी जाती है। मिट्टी का रंग भूरा तथा बादामी होता है। चूँकि ऑस्ट्रेलिया में वर्षा की औसत मात्रा काफी कम है इसलिए ऑस्ट्रेलिया में लाल, काली तथा बादामी मिट्टियाँ काफी कम पायी जाती हैं। ये मिट्टियाँ उन प्रदेशों में अधिक पायी जाती है जहाँ वर्षा की औसत मात्रा 25 इंच या इससे अधिक होती हैं। अनेक प्रदेशों में मिट्टी को कई अन्य कारक भी प्रभावित करते हैं स्थानीय परिस्थितियाँ, भूमिगत जलस्तर तथा वे पदार्थ जिनसे मिट्टी का निर्माण होता है।

**प्रश्न 3. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय भूगोल का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**-ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के पश्चिमी भाग को एक विशाल पठार के रूप में जाना जाता है जो काफी महत्त्वपूर्ण है। यह पठार ऑस्ट्रेलिया के दो तिहाई हिस्से में विस्तृत है। ऑस्ट्रेलिया के इस भाग

www.neerajbooks.com